खसरा

खसरा एक गंभीर बीमारी है

खसरा एक गंभीर बीमारी है जिसमें दाने और बुखार होता है।

खसरा एक फ़ैलने वाली बीमारी है। यह तब फैलता है जब खसरे से पीडित कोई व्यक्ति सांस छोड़ता, खांसता या छींकता है।

वह व्यक्ति जिसको टीका नहीं लगा है, उसे खसरा होने की अधिक संभावना बनी रहती है।

खासकर शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए खसरा खतरनाक हो सकता है। इससे दिमाग में सूजन और फेफड़ों में इन्फेक्शन हो सकता है। कुछ मामलों में, यह जानलेवा भी हो सकता है।

टीकाकरण आपके परिवार की सुरक्षा के लिए सबसे अच्छा तरीका है

खसरे से बचाने में MMR का टीका सुरक्षित और बहुत प्रभावी हैयह कनफेड़ (mumps) और रूबेला (rubella) जैसी बीमारीयों से भी रक्षा करता है।

डॉक्टर सलाह देते है कि सभी बच्चों को MMR के टीके लगाए जाने चाहिए।

MMR का टीका लगवाना खसरा होने की तुलना में ज्यादा सुरक्षित है।

अधिकांश बच्चों को टीके से कोई नुकसान नहीं होता है। होने वाले नुकसान आमतौर पर कम होते हैं और लंबे समय तक नहीं रहते, जैसे कि बुखार, हल्के दाने और दर्द।

तस्वीरें: cdc.gov

MMR के टीके से ऑटिज्म नहीं होता

किसी भी अध्ययन में ऑटिज्म और MMR वैक्सीन के बीच कोई संबंध नहीं मिला है। दुनियाभर के कई डॉक्टरों और वैज्ञानिकों द्वारा इसका सावधानीपूर्वक अध्ययन किया गया है।

वैज्ञानिक इस बात का अध्ययन कर रहे हैं कि किस चीज से किसी बच्चे को ऑटिज्म होने की अधिक संभावना होती है। ज्यादातर वैज्ञानिक इस बात से सहमत हैं कि ऑटिज्म शायद बच्चे के जन्म से पहले और बाद में पारिवारिक जीन और घटनाओं के मिलने से होता है। इसमें बच्चे के जन्म के समय माता-पिता की उम्र, गर्भावस्था के दौरान मां की बीमारी या जन्म के समय में हुई कठिनाई शामिल हो सकती है। वे ऑटिज्म और व्यक्ति कैसी जगह पर रहता है के बीच संबंध का अध्ययन भी कर रहे हैं।

अगर खसरा या MMR वैक्सीन के बारे में कोई प्रश्न हैं तो अपने डॉक्टर से पूछें।

अधिक जानकारी के लिए:
www.kingcounty.gov/measles

Public Health Seattle & King County
Washington State Department of Health

अगर आपको लगता है कि आपको खसरा है तो क्या करें

खसरे के लक्षण और यह कैसे फैलता है

खसरा अक्सर तेज बुखार, खांसी, बहती नाक और लाल, गीली आँखों से बढ़ना शुरू होता है। 3 से 5 दिनों के बाद दाने होने लगते हैं जो आमतौर पर चेहरे से शुरू होते हैं और शरीर के अन्य भागों में फैल जाते हैं।

आप दाने निकलने से *पहले* चार दिनों तक दूसरों को खसरा फैला सकते हैं और दाने पहली बार दिखाई देने के चार दिन *बाद* तक।

आपको उस कमरे में जाकर भी खसरा हो सकता हैं जहां खसरे से पीड़ित व्यक्ति रहा था। पीड़ित व्यक्ति के कमरे से निकलने के दो घंटे बाद भी खसरे का कीटाणु हवा में रह सकता है।

अगर आपको खसरे के लक्षण दिखते हैं तो तुरंत अपने डॉक्टर या किसी क्लिनिक से सम्पर्क करें

आपका डॉक्टर या क्लिनिक आपको बताएंगे कि आपको क्लिनिक आने की जरूरत है या नहीं।

खसरा बहुत संक्रामक होता है और आप प्रतीक्षा कक्ष में किसी और को इससे ग्रस्त नहीं करना चाहेंगे। आपके जाने से **पहले** डॉक्टर या क्लिनिक को यह बताना महत्वपूर्ण है कि आपको खसरे के लक्षण हैं। वे आपको निर्देश देंगे कि आप क्या करें ताकि आपसे खसरा न फैले।

यदि आपको खसरा है तो घर पर ही रहें

यह महत्वपूर्ण है कि खसरा दूसरों तक न फैले।

यदि आपको खसरा है तो आप घर पर ही रहें। स्कूल, काम पर, दुकान में या अन्य लोगों के घरों में न जाएं।

यदि आपको या आपके बच्चे को बुखार या दाने हैं तो किसी को अपने घर पर न बुलाएं।

अधिक जानकारी के लिए: **www.kingcounty.gov/measles**

Public Health
Seattle & King County

Washington State Department of Health